संख्या-993/2026/2391/22-2-2025-17(983)/2025

प्रेषक,

कमलेश कुमार,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 लखनऊ,दिनांक: 23 जुलाई, 2026

विषय:- जिला कारागार, बुलन्दशहर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी बब्लू पुत्र श्री भूले सिंह, निवासी जनपद-बुलन्दशहर की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वरिष्ठ अधीक्षक(मु0), कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-43618/प्रोवेशन-3-फार्म-ए/(एम-14.11.2025) दिनांक-27-11-2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार जिला कारागार, बुलन्दशहर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी बब्लू पुत्र श्री भूले सिंह, जो धरपा, थाना-खुर्जा देहात, जनपद-बुलन्दशहर का निवासी है। पूर्व में वादी की पुत्री के साथ बलात्कार किये जाने की घटना में न्यायालय द्वारा दण्डित किये जाने की रंजिश को लेकर दिनांक 13/14.08.2010 की रात्रि को बन्दी ने अपने 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बाल्टी से तेजाब डालकर फेक दिया, जिससे वादी की पत्नी व बच्चे बुरी तरह जल गये तथा उपचार के दौरान वादी की पत्नी श्रीमती रामकुमारी की मृत्यु हो गयी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को एस०टी० नं0-1316/2010 में भा०द०वि० की धारा-326/34, 304/34 के अन्तर्गत मा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्याय कक्ष सं०-01, बुलन्दशहर के आदेश दिनांक-04.09.2014 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 04.03.2025 तक अपरिहार 14 वर्ष, 06 माह, 14 दिन तथा सपरिहार 17 वर्ष, 09 माह, 04 दिन की सजा भोगी गयी है।

3- जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, बुलन्दशहर द्वारा शासनादेश संख्या 1658/22-02-2004-25 (94)/97, दिनांक 06.09.2004 के प्रस्तर 9-(2) के प्राविधान के अनुरूप 05 बिन्दुओं (जो लक्ष्मण नास्कर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2000 क्रि०एल० जे० 1471 में मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया) पर परीक्षण कर आख्या प्रेषित की गई है। उक्त आख्या में बन्दी द्वारा कारित अपराध सीमित अपराध की श्रेणी में नहीं होने, भविष्य में अपराध करने की सम्भावना से इन्कार नहीं किये जाने, पुनः अपराध करने में सक्षम होने, बन्दी व वादी एक ही गाँव के है और दोनों पक्षों के घर आसपास होने, बन्दी के परिवार की सामाजिक, आर्थिक दशा समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नहीं होने के दृष्टिगत बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

4- प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि प्रकरण में पूर्व में वादी की पुत्री के साथ बलात्कार किये जाने की घटना में न्यायालय द्वारा दण्डित किये जाने की रंजिश को लेकर दिनाक 13/14.08.2010 की रात्रि को बन्दी ने अपने 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बाल्टी से तेजाब डालकर फेक दिया, जिससे वादी की पत्नी व बच्चे बुरी तरह जल गये तथा उपचार के दौरान वादी की पत्नी श्रीमती रामकुमारी की मृत्यु हो जाने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा स्थानीय स्तर पर वर्तमान परिस्थितियों का सम्यक परीक्षण कर माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किया गया है। प्रकरण से सम्बंधित ऐसा कोई तथ्य परिलक्षित नहीं है, जिसके आधार पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

अधीक्षक तथा जिला मजिस्ट्रेट की आख्या/संस्तुति के प्रतिकूल अवधारणा बनाई जा सके। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी बब्लू पुत्र श्री भूले सिंह को फार्म-ए/ लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

5- अतः उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि जिला कारागार, बुलन्दशहर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी बब्लू (बन्दी संख्या-366/2014) पुत्र श्री भूले सिंह, निवासी जनपद-बुलन्दशहर को यू०पी० प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की फार्म-ए/लाइसेंस पर मुक्ति सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतदद्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,
कमलेश कुमार
उप सचिव।

संख्या-993/2026/2391(1)/22-2-2025 तद्दिनांक...

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, बुलन्दशहर।
2- अधीक्षक, जिला कारागार, बुलन्दशहर।
3- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
5- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
अभय कुमार त्रिपाठी
अनु सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-993/2026/2391/22-2-2025-17(983)/2025

दिनांक: 23 जुलाई, 2026 का संलग्नक

जिला कारागार, बुलन्दशहर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी बब्लू पुत्र श्री भूले सिंह, जो धरपा, थाना-खुर्जा देहात, जनपद-बुलन्दशहर का निवासी है। पूर्व में वादी की पुत्री के साथ बलात्कार किये जाने की घटना में न्यायालय द्वारा दण्डित किये जाने की रंजिश को लेकर दिनांक 13/14.08.2010 की रात्रि को बन्दी ने अपने 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बाल्टी से तेजाब डालकर फेक दिया, जिससे वादी की पत्नी व बच्चे बुरी तरह जल गये तथा उपचार के दौरान वादी की पत्नी श्रीमती रामकुमारी की मृत्यु हो गयी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को एस०टी० नं0-1316/2010 में भा०द०वि० की धारा-326/34, 304/34 के अन्तर्गत मा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्याय कक्ष सं०-01, बुलन्दशहर के आदेश दिनांक-04.09.2014 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 04.03.2025 तक अपरिहार 14 वर्ष, 06 माह, 14 दिन तथा सपरिहार 17 वर्ष, 09 माह, 04 दिन की सजा भोगी गयी है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, बुलन्दशहर द्वारा शासनादेश संख्या 1658/22-02-2004-25 (94)/97, दिनांक 06.09.2004 के प्रस्तर 9-(2) के प्राविधान के अनुरूप 05 बिन्दुओं (जो लक्ष्मण नास्कर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2000 क्रि०एल० जे० 1471 में मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया) पर परीक्षण कर आख्या प्रेषित की गई है। उक्त आख्या में बन्दी द्वारा कारित अपराध सीमित अपराध की श्रेणी में नहीं होने, भविष्य में अपराध करने की सम्भावना से इन्कार नहीं किये जाने, पुनः अपराध करने में सक्षम होने, बन्दी व वादी एक ही गाँव के है और दोनों पक्षों के घर आसपास होने, बन्दी के परिवार की सामाजिक, आर्थिक दशा समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नहीं होने के दृष्टिगत बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि प्रकरण में पूर्व में वादी की पुत्री के साथ बलात्कार किये जाने की घटना में न्यायालय द्वारा दण्डित किये जाने की रंजिश को लेकर दिनाक 13/14.08.2010 की रात्रि को बन्दी ने अपने 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बाल्टी से तेजाब डालकर फेक दिया, जिससे वादी की पत्नी व बच्चे बुरी तरह जल गये तथा उपचार के दौरान वादी की पत्नी श्रीमती रामकुमारी की मृत्यु हो जाने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा स्थानीय स्तर पर वर्तमान परिस्थितियों का सम्यक परीक्षण कर माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किया गया है। प्रकरण से सम्बंधित ऐसा कोई तथ्य परिलक्षित नहीं है, जिसके आधार पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा जिला मजिस्ट्रेट की आख्या/संस्तुति के प्रतिकूल अवधारणा बनाई जा सके। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी बब्लू पुत्र श्री भूले सिंह को फार्म-ए/ लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा बन्दी की फार्म-ए/लाइसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

कमलेश कुमार
उप सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।